आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 28.12.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–2025 राष्ट्रीय सुरक्षा, खेलों और वैज्ञानिक नवाचार के क्षेत्र में भारत के लिए गौरवमयी उपलब्धियों का वर्ष रहा।
- आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि वर्ष 2026 विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा कालाढूंगी के कोटाबाग क्षेत्र में 114 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।
- और... पंचायती राज विभाग की ओर से रूद्रपुर में कुमाऊं मंडल की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण आयोजित।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक– हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 ने हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाले कई क्षण दिए। श्री मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' इस वर्ष हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया।

श्री मोदी ने वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर लोगों के उत्साह और जज्बे की प्रंशसा की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश नई आशाओं और नए संकल्पों के साथ 2026 में प्रवेश के लिए तैयार है। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि वर्ष 2026 विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। उन्होंने सभी को वर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया बड़ी आशा के साथ भारत की ओर देख रही है और इसका सबसे बड़ा कारण युवा शक्ति है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों, नवाचारों और प्रौद्योगिकी के विस्तार ने दुनिया को बहुत प्रभावित किया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' का दूसरा संस्करण शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने नई पीढ़ी की नई सोच और नए तरीकों के साथ भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

**चंपावत**

चम्पावत जिले के साथ ही पूरे प्रदेश में वन विभाग ने प्रभाग दिवस शुरू किया है। इस दौरान ग्रामीणों की वन विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याएं, सुझाव व मांग को एक मंच पर निस्तारित करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को इसका आयोजन किया जाना है। प्रभाग दिवस का प्रदेश के प्रमुख वन संरक्षक रंजन कुमार मिश्र ने चम्पावत जिले से औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने हाल में बढ़ रही मानव और वन जीव संघर्ष की घटनाओं, सुखी पत्तियों व सुखी लकड़ियों के दोहन, पिरूल निस्तारण, वनाग्नि घटनाओं से हो रहे नुकसान समेत कई समस्याएं रखीं। मुख्य वन संरक्षक का कहना है कि अक्सर लोगों की समस्याएं शिविरों व तहसील दिवसों में निस्तारित हो जाती हैं, लेकिन वन विभाग का ग्रामीणों से सीधा संवाद नहीं हो पाता। इसे देखते हुए विभाग ने यह पहल शुरू की है।

**मुख्यमंत्री पुश्कर सिंह धामी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल जिले के घोड़ा लाइब्रेरी 'पहाड़ पंछ्याण' महोत्सव –2025 में विधानसभा कालाढूंगी कोटाबाग क्षेत्र में 114 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा घोड़ा लाइब्रेरीः शिक्षा और संस्कृति का अनूठा प्रयास है। श्री धामी ने कहा कि इस पहल से स्थानीय उत्पादों, लोकसंस्कृति और पारंपरिक ज्ञान को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से राज्य में वर्षभर पर्यटन को सक्रिय रखने के लिए 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन फेस्टिवल' और 'एक जिला, एक मेला' जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत नैनीताल, उत्तरकाशी और अन्य जिलों में विंटर फेस्ट कार्निवल आयोजित किए जा रहे हैं।

## पंचायती राज विभाग

पंचायती राज विभाग की ओर से रूद्रपुर जिला पंचायत सभागार में कुमाऊं मंडल के निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों का चार दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसमें अल्मोड़ा से 22, बागेश्वर से छह और ऊधम सिंह नगर जिले से 14 महिला प्रधानों व ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों समेत कुल 42 प्रतिनिधि मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये अपने जिलों में सभी महिला पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी व ऊधम सिंह नगर के जिला पंचायत राज अधिकारी वीएस सोमनाल ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य 73वें संविधान संशोधन के संदर्भ में महिलाओं को सशक्त बनाना है। वहीं प्रशिक्षणार्थियों का कहना है कि वे कार्यशाला से प्रशिक्षित होकर अपने क्षेत्रों में अन्य महिलाओं को प्रशिक्षित कर उनके नेतृत्व क्षमता का विकास करेंगी।

## राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर रेंजर्स ग्राउण्ड देहरादून में आयोजित सहकारिता मेले के समापन समारोह में शिरकत की। राज्यपाल ने मेले में विभिन्न स्टालों का अवलोकन करने के साथ–साथ सभा को संबोधित भी किया।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि सहकार का अर्थ है मिलकर कार्य करना। सहकारिता आंदोलन एक के लिए सब और सब के लिए एक की धारणा को परिलक्षित करता है। जहाँ 'मैं' खत्म होता है, वहीं से 'हम' शुरू होता है, और उसी का नाम है सहकारिता। उन्होने कहा कि हमारे देश में सहकारिता कोई नई अवधारणा नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन दर्शन का अभिन्न अंग रहा है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे यहाँ प्राचीन काल से ही समूह जीवन की परंपरा रही है। ग्रामसभा, पंचायती व्यवस्था, सिंचाई के लिए सामूहिक तालाब, मंदिर एवं विद्यालय निर्माण हेतु सामूहिक योगदान– ये सब सहकारिता की ही देन हैं। उन्होने कहा कि सहकारिता केवल उत्पादन या वितरण तक सीमित नहीं, यह गरीबी उन्मूलन, लैंगिक समानता, सतत आजीविका, खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे 17 सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति में सीधा योगदान देती है।

## खेल महाकुंभ

खेल महाकुंभ 2025–26 के लिए अल्मोड़ा जिले में न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता शुरू हो गई है। अल्मोड़ा के न्याय पंचायत खत्याड़ी के अंतर्गत शासकीय और अर्ध शासकीय विद्यालयों के बालक बालिकाओं की अंडर 14–19 की खेलकूद प्रतियोगिता पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज अल्मोड़ा के खेल मैदान में आयोजित की गई। खेल महाकुंभ के तहत खेल प्रतियोगिताओं में खो खो,कब्बड्डी, बॉल थ्रो, मुर्गा झपट और एथलीट प्रतियोगिताएं कराई गई, सभी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मैडल प्रदान कर सम्मानित

किया गया। बॉल थ्रो, मुर्गा झपट, और एथलीट प्रतियोगिताएं कराई गई। न्याय पंचायत स्तर पर विजेता प्रतिभागी, विधान सभा स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

**नैनीताल**

नैनीताल जिले के हल्द्वानी मिनी स्टेडियम में आगामी 30 दिसम्बर को बालक एवं बालिकाओं की जिला स्तरीय अनुसूचित जाति अण्डर–19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता में सामान्य एवं रिले दौड़ सहित गोला,चक्का और भाला फेंक स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।